# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

सम्भल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार को हुए पथराव और आगजनी के मामले में प्रशासन बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। रविवार को हुयी हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल सम्भल में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि हिंसा मामले में दो थानों में सात प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान और विधायक नवाब इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल को भी आरोपी बनाया गया है। उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। मामले में अब तक पच्चीस लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस दोषियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरे के वीडियो को खंगाल रही है। इस बीच सम्भल तहसील में इण्टरनेट सेवा को अगले आदेश तक निलम्बित कर दिया गया है। जिलाधिकारी राजेन्द्र पैसिया ने कहा है कि उपद्रवियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने बताया कि शाही जामा मस्जिद के सर्वे का काम कल पूरा हो चुका है, इसकी रिपोर्ट उन्तीस नवम्बर को जिला न्यायालय में सौंपी जायेगी।

**********

एक कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दो को लेकर विपक्ष के हंगामे के चलते ससंद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की बैठक आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही मौजूदा सदन के दो दिवंगत सदस्यों वसंतराव चव्हाण और शेख नूरुल इस्लाम को श्रद्धांजलि देने के बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। बैठक जब फिर शुरू हुयी तो विपक्ष के सदस्यों ने एक व्यावसायिक घराने के खिलाफ रिश्वत के आरोपो सहित विभिन्न मुद्दों पर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर–शराबे की बीच अध्यक्ष ने सदन की बैठक दिन भर के लिए स्थगित कर दी। उधर, राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड ने इन्हीं मुद्दों को लेकर विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया तो सभापति ने सदन की बैठक दिन भर के लिये स्थगित कर दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब तीन सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध निस्तारण करायें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज के एक सौ पन्द्रहवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा कर के कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तकनीक का जमाना है और विद्यार्थियों को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। समारोह में प्रदेश सरकार के मंत्री रविन्द्र जायसवाल, दया शंकर मिश्र, महापौर अशोक तिवारी और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति ए.के. त्यागी भी उपस्थित रहे।

**********

मुख्यंमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे। वह महाकुंभ की तैयारियों और तेरह दिसम्बर को संगम नोज पर प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर वह शहर की सफाई पर निगरानी के लिये बनाये गये नवनिर्मित कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी करेंगे।

**********

पूरे देश में कल पचहत्तरवां संविधान दिवस मनाया जायेगा। संविधान दिवस पर होने वाले विशेष कार्यक्रम को लेकर प्रदेश सरकार ने कल सभी जिलों में तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। उधर, नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे संविधान के 75वें साल में प्रवेश का समय लोकतंत्र के लिए बहुत ही उज्ज्वल अवसर है।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ वर्गों के इन आरोपों का खंडन किया है कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। संविधान दिवस से पूर्व आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने कहा कि संविधान देश के लोगों से संबंधित है और समाज के प्रत्येक वर्ग का इस पर भरोसा है। लोकसभा अध्यक्ष का पूरा साक्षात्कार आज शाम सात बजकर 10 मिनट पर आकाशवाणी के एफ एम गोल्ड चैनल पर सुना जा सकता है।

**********

लखीमपुर महोत्सव के अवसर पर आज लखनऊ से लखीमपुर जिले के पलिया हवाई पट्टी के बीच हवाई जहाज की सेवा का शुभारम्भ पर्यटन मंत्री डॉक्टर जयवीर सिंह और वन तथा पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने किया। इस अवसर पर मुख्यंमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मौजूद रहे। इस हवाई सेवा के शुभारम्भ के साथ ही सैलानियों को लखनऊ से लखीमपुर के दुधवा टाइगर रिजर्व आने में काफी सहूलियत मिलेगी। इसके तहत आठ सीटर विमान से प्रतिदिन दिन में तीन उड़ाने होंगी।

**********